**1000215 - A1**

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

# Class - X
# कक्षा - X

## HINDI
## हिन्दी

## (Course A)
## ( पाठ्यक्रम अ )

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड 'क'

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए।** **5**

निराला जी की एक विशेषता यह थी कि कविता लिखने से पहले वे उसकी भाव-राशि, विषयवस्तु की चर्चा बहुत कम करते थे। कोई कविता लिखने से पहले उसकी भाव-राशि को कुछ दिन तक अपने मन में सँजोए रखते थे, मानो वह उनके मन में धीरे - धीरे रूप और आकार ग्रहण कर रही हो। दूसरों की कविताओं की चर्चा काफी करते थे, अपने पिछले साहित्यिक जीवन की चर्चा भी करते थे, लेकिन उस समय उनके कवि-हृदय में कौन-सी अस्फुट कविता गूँज रही है, उसका पता लगाना कठिन था। उस समय निराला जी के बारे में लोगों की यह आम धारणा थी कि वे अपने आगे किसी को नहीं गिनते। बात किसी हद तक ठीक भी थी। इसलिए यह और भी आश्चर्य की बात थी कि जिन भावों में उनका मन सबसे ज्यादा डूबा रहता था और जिन्हें चुपचाप वे छंद और शब्दों का सुंदर रूप देने में लगे होते थे, उनकी वे बात भी न करते थे। लोग उनकी ऊपरी बात, रहन-सहन, चाल-ढाल से इतना आकर्षित होते थे कि वे बाहर न प्रकट होनेवाले कवि निराला को भूल जाते थे।

(1) निराला जी की क्या विशेषता थी ? **1**

(क) कविता लिखना

(ख) कविता लिखने से पूर्व उसकी विषयवस्तु की चर्चा बहुत करना

(ग) कविता लिखने से पूर्व उसकी विषयवस्तु की चर्चा कम करना

(घ) कविता खड़ी बोली में लिखना

(2) भाव-राशि में कौन-सा समास है ? **1**

(क) द्वन्द्व समास

(ख) द्विगु समास

(ग) अव्ययीभाव समास

(घ) तत्पुरुष समास

(3) निराला के संबंध में किस बात का पता लगाना कठिन था ? **1**

(क) निराला के कवि-हृदय में कौन-सी अस्फुट कविता है?

(ख) निराला कैसे व्यक्ति हैं ?

(ग) निराला कहाँ रहते हैं ?

(घ) निराला का व्यक्तित्व कैसा है ?

(4) 'अस्फुट कविता' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? **1**

(क) आधुनिक कविता

(ख) छायावादी कविता

(ग) प्रगतिवादी कविता

(घ) अव्यक्त कविता

(5) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है – **1**

(क) ओजस्वी निराला

(ख) निराला का कवि-रूप

(ग) निराला – एक छायावादी कवि

(घ) परोपकारी निराला

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **5**

सत्य और अहिंसा, केवल इसी देश के लिए नहीं, मानव मात्र के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। हम इस देश में लोकतंत्र की स्थापना कर चुके हैं जिसका अर्थ है व्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता जिसमें वह अपना पूरा विकास कर सके और साथ ही सामूहिक और सामाजिक एकता भी। व्यक्ति और समाज के बीच में विरोध का आभास होता है। व्यक्ति अपनी उन्नति और विकास चाहता है और यदि एक की उन्नति और विकास दूसरे की उन्नति और विकास में बाधक हो, तो संघर्ष पैदा होता है और यह संघर्ष तभी दूर हो सकता है जब उसके विकास के पथ अहिंसा के हों। हमारी संस्कृति का मूलाधार इसी अहिंसा-तत्व पर स्थापित रहा है। जहाँ-जहाँ हमारे नैतिक सिद्धांतों का वर्णन आया है, अहिंसा को ही उसमें मुख्य स्थान दिया गया है। अहिंसा का दूसरा रूप त्याग है और हिंसा का दूसरा रूप या दूसरा नाम स्वार्थ है, जो प्राय: भोग के रूप में हमारे सामने आता है। हमारी सारी नैतिक चेतना इसी तत्व से ओत-प्रोत है। इसीलिए हमने भिन्न-भिन्न विचारधाराओं को स्वच्छतापूर्वक पनपने और भिन्न-भिन्न भाषाओं को विकसित और प्रस्फुटित होने दिया।

(1) लोकतंत्र का क्या अर्थ है ? **1**

(क) सामूहिक एकता

(ख) सामाजिक एकता

(ग) व्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता और विकास

(घ) उपर्युक्त सभी

(2) मानव के जीवन के लिए क्या आवश्यक है ? **1**

(क) प्रगति

(ख) संघर्ष

(ग) इच्छा-शक्ति

(घ) सत्य और अहिंसा

(3) अहिंसा का दूसरा स्वरूप क्या है? **1**

(क) हिंसा

(ख) संघर्ष

(ग) उन्नति

(घ) त्याग

(4) निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द छाँटिए। **1**

(क) पूरा

(ख) प्रस्फुटित

(ग) पैदा

(घ) सामने

(5) निम्नलिखित शीर्षकों में से दिये गए गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक छाँटिए। **1**

(क) अहिंसा – हमारी संस्कृति का मूलाधार

(ख) नैतिक चेतना

(ग) एकसूत्रता

(घ) सत्य का महत्व

**3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए।** **5**

हे ग्राम देवता ! नमस्कार।
सोने-चांदी से नहीं किंतु
मिट्टी से तुमने किया प्यार।
हे ग्राम देवता! नमस्कार।
जन कोलाहल से दूर
कहीं एकाकी सिमटा सा निवास
रवि-शशि का उतना नहीं
कि जितना प्राणों का होता प्रकाश
श्रम वैभव के बल पर करते हो
जड़ में चेतन का विकास

दानों-दानों से फूट रहे
सौ-सौ दानों के हरे हास
यह है न पसीने की धारा
यह गंगा की है धवल धार
हे ग्राम देवता ! नमस्कार।
जो है गतिशील सभी ऋतु में
गर्मी वर्षा हो या कि ठंड
जग को देते हो पुरस्कार
देकर अपने को कठिन दंड।
झोपड़ी झुकाकर तुम अपनी
ऊँचे करते हो राजद्वार
हे ग्राम देवता ! नमस्कार।

(1) 'ग्राम-देवता' से कवि का क्या अभिप्राय हैं? **1**

(क) जमींदार

(ख) ईश्वरीय शक्ति

(ग) कृषक

(घ) गाँव में रहनेवाले साधु

(2) 'श्रम-वैभव' में कौनसा समास हैं ? **1**

(क) कर्मधारय

(ख) अव्ययीभाव

(ग) तत्पुरुष

(घ) द्विगु

(3) कवि ने 'पसीने की धारा' को क्या माना है ? **1**

(क) श्रम-बिंदु

(ख) गर्मी का परिणाम

(ग) एक समस्या

(घ) गंगा का पावन जल

(4) ग्राम-देवता जग को क्या पुरस्कार देता है ? **1**

(क) सोना-चाँदी

(ख) अमरत्व

(ग) धन

(घ) अनाज

(5) कवि ग्रामदेवता का आभार क्यों मान रहा है ? **1**

(क) ग्रामदेवता धरती से प्रेम करता है।

(ख) ग्रामदेवता एकाकी में निवास करता है।

(ग) ग्रामदेवता अथक परिश्रम से धरती से अन्न उत्पन्न कर लोगों का पेट भरता है

(घ) ग्रामदेवता के शरीर में मुनि दधीचि की हड्डी है।

**4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प छाँटकर लिखिए।** **5**

विचार लो कि मर्त्य हो न मृत्यु से डरो कभी
मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करे सभी।
हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिए,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप-आप ही चरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।
उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा तार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती,
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(1) 'मर्त्य' का प्रयोग कवि ने किसके लिए किया है ? **1**

(क) देवता

(ख) मछली

(ग) मनुष्य

(घ) असुर

(2) 'सु-मृत्यु' की प्रमुख विशेषता क्या है ? **1**

(क) मरने के बाद लोग याद करते हैं।

(ख) घर में मृत्यु हो

(ग) युद्धभूमि में मृत्यु हो

(घ) रोग से मृत्यु हो

(3) पशु-प्रवृत्ति क्या है ? **1**

(क) चारा खाना

(ख) केवल अपना स्वार्थ साधना

(ग) सबकी भलाई के बारे में सोचना

(घ) जंगल में रहना

(4) सरस्वती किसकी कथा बखानती है ? **1**

(क) जो मानव दूसरों के लिए अपनी जान दे दे।

(ख) जो विजयी हो

(ग) जो साहसी हो

(घ) जो अपनी सुरक्षा हेतु जान दे दे

(5) 'उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती' में कौन-सा अलंकार है? **1**

(क) मानवीकरण

(ख) उत्प्रेक्षा

(ग) यमक

(घ) अनुप्रास

## खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) महेश पुस्तक पढ़ रहा है।

(ii) मैंने कलम खरीदी।

(iii) वह जाग चुका है।

(iv) सोहन पत्र लिख रहा है।

(ख) 'नौकर घड़ा भरता है।' 1

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(i) अकर्मक क्रिया

(ii) द्विकर्मक क्रिया

(iii) सकर्मक क्रिया

(iv) अपूर्ण अकर्मक क्रिया

(ग) निम्नलिखित विकल्पों में से सकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) हँसना

(ii) दौड़ना

(iii) डरना

(iv) पकाना

(घ) 'रोहण सबको हँसाता है।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) अपूर्ण अकर्मक क्रिया

(ii) सकर्मक क्रिया

(iii) पूर्ण अकर्मक क्रिया

(iv) नामधातु क्रिया

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होनेवाले वाक्य के सही विकल्प को चुनकर लिखिए – 1

(i) राम मुझे पुस्तक पढ़ाता है

(ii) मालिक नौकर से सफाई करवाता है।

(iii) सुधा दौड़ती है।

(iv) धोबी कपड़े धो रहा है।

(ख) 'पंछी आकाश में उड़ रहे हैं।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद निम्नलिखित विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 1

(i) अकर्मक क्रिया

(ii) सकर्मक क्रिया

(iii) द्विकर्मक क्रिया

(iv) अपूर्ण क्रिया

(ग) 'बालक देर तक सोता रहता है'। वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों में से चुनकर लिखिए – 1

(i) सोना

(ii) होना

(iii) रहना

(iv) तक

(घ) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद दिए गये विकल्पों में से चुनकर लिखिए – 1

राम ने लता का घर <u>हथिया लिया</u>।

(i) अकर्मक

(ii) संयुक्त

(iii) द्विकर्मक

(iv) सहायक

7. (क) 'राम खा चुका है'। इस वाक्य में रेखांकित क्रियाओं के भेद का सही विकल्प निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए - 1

(i) सहायक क्रिया

(ii) मुख्य क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया

(iv) तीनों में कोई नहीं

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) पानी बरसने लगा।

(ii) वह चल सकता है।

(iii) राम को देखकर सब हैरान हो उठे।

(iv) लता ने सेब खाया।

(ग) 'कर्मों का फल भोगना पड़ता है'। वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) मुख्य क्रिया

(ii) सहायक क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया

(iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) सुधा गाना गा चुकी है।

(ii) सुधा ने गाना गाया।

(iii) सुधा ने गाया।

(iv) किसी में भी नहीं गाया।

8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(क) 'सड़क पर कई लोग खड़े थे।'

(i) निश्चित परिमाणवाचक

(ii) अनिश्चित परिमाणवाचक

(iii) अनिश्चित संख्यावाचक

(iv) सार्वनामिक

(ख) थोड़ा पानी पिला दो। **1**

(i) निश्चित संख्यावाचक

(ii) अनिश्चित परिमाणवाचक

(iii) निश्चित परिमाणवाचक

(iv) अनिश्चित संख्यावाचक

(ग) घायल अस्पताल में भरती है। **1**

(i) गुणवाचक विशेषण

(ii) सार्वनामिक विशेषण

(iii) परिमाणवाचक विशेषण

(iv) संख्यावाचक विशेषण

(घ) 'क्या यह घर तुम्हारा है। **1**

(i) गुणवाचक विशेषण

(ii) संख्यावाचक विशेषण

(iii) परिमाणवाचक विशेषण

(iv) सार्वनामिक विशेषण

**9. निम्नलिखित वाक्यांशों में दिए गए रिक्त स्थानों को विकल्पों में दिए गए क्रिया विशेषणों से सही विकल्प चुनकर भरिए।**

राम __(क)__ चलकर मेरे पास आया। __(ख)__ ही उसने जेब में हाथ डाला। उसने जेब से एक लिफाफा निकाला। उसने __(ग)__ देखा जैसे किसी को धन्यवाद कह रहा हो। __(घ)__ वह गिर पड़ा।

(क) (i) सर्वत्र (ii) प्रायः **1**

(iii) थोड़ी-सी (iv) धीरे-धीरे

(ख) (i) शीघ्र (ii) सचमुच **1**

(iii) क्यों (iv) बहुत

(ग) (i) दाएँ (ii) बाएँ **1**

(iii) ऊपर (iv) नीचे

(घ) (i) इतना (ii) अचानक **1**

(iii) उतना (iv) यथाशक्ति

## खंड 'ग'

**10.** हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से ही पूछ लिया, क्यों भाई! क्या बात है ? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है ?

पानवाले के मुँह में खुद पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिजाज आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों ही आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए - **5**

(i) हालदार साहब को किस बात की आदत पड़ गई थी ? **1**

(क) चौराहे पर रुकने की

(ख) पान खाने की

(ग) मूर्ति को ध्यान से देखने की

(घ) उपर्युक्त तीनों

(ii) क्या हर बार बदल जाता था ? **1**

(क) पानवाले की दुकान

(ख) नेताजी का चश्मा

(ग) मूर्ति

(घ) इनमें से कोई भी नहीं

(iii) 'दुर्दमनीय' शब्द का क्या अर्थ होता है ? **1**

(क) दमन करने योग्य

(ख) जिसे मुश्किल से दबाया जा सके

(ग) शोषण करनेवाला

(घ) दबा हुआ

(iv) पानवाला कैसा आदमी था ? **1**

(क) बेरूखा

(ख) काला, मोटा और खुशमिजाज

(ग) सहृदय

(घ) क्रूर

(v) हालदार साहब के प्रश्न का पानवाले ने क्या उत्तर दिया ? **1**

(क) पीछे घूमो

(ख) कैप्टन चश्मेवाला करता है

(ग) पानवाला करता है

(घ) बच्चे करते हैं

**अथवा**

बालगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरनेवाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता। कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते। वह गृहस्थ थे, लेकिन उनकी सब चीज 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते – जो उनके घर से चार कोस दूर पर था – एक कबीरपंथी मठ से मतलब! वह दरबार में भेंट रूप रख लिया जाकर प्रसाद रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुजर चलाते।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए – **5**

(i) लेखक ने बालगोबिन भगत को क्या माना है? **1**

(क) साधु

(ख) नेता

(ग) कृषक

(घ) उपर्युक्त तीनों में से कोई नहीं

(ii) बालगोबिन भगत के 'साहब' कौन थे ? **1**

(क) कबीर

(ख) पिता

(ग) निराकार ईश्वर

(घ) कृष्ण

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता बालगोबिन भगत की नहीं थी ? **1**

(क) वे किसी की चीज नहीं छूते।

(ख) किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते।

(ग) कबीर के गीतों को गाते।

(घ) मीरा के भजन गाते।

(iv) 'साधु' का विलोम निम्नलिखित में से होगा। **1**

(क) मुनि

(ख) असाधु

(ग) राक्षस

(घ) दैत्य

(v) खेत में पैदा हुए अनाज को वे पहले कहाँ ले जाते थे ? **1**

(क) घर

(ख) खलिहान

(ग) बाजार

(घ) कबीरपंथी मठ

**11. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए।** **2x5=10**

(क) हालदार साहब कैप्टन को देखकर चकित क्यों हुए ?

(ख) मृत्यु की पूर्व संध्या पर बालगोबिन का गीत कैसा लगा ?

(ग) हालदार साहब को पानवाले की कौन-सी बात अच्छी नहीं लगी?

(घ) नवाब साहब न खीरे की फाँकों को खिड़की से बाहर क्यों फेंक दिया ?

(ङ) लेखक के अनुसार नवाब साहब ने सेकेंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा ?

**12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5**

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोर्‌यौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।

(i) गोपियों ने ऊधौ को बड़भागी क्यों कहा है ? **1**

(ii) गोपियों ने ऊधौ की तुलना किससे की है ? **1**

(iii) 'ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी' में कौन-सा अलंकार है? **1**

(iv) 'गुड़ और चींटी' शब्दों का प्रयोग किनके लिए हुआ है ? **1**

(v) गोपियाँ स्वयं को भोली क्यों कहती हैं? **1**

**अथवा**

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के
सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।
पवन झूलावै, केकी - कीर बरतावै 'देव',
कोकिल हलावै - हुलसावै कर तारी दै।
पूरित पराग सौ उतारो करै राई नोन,
कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।
मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि
प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै।

(i) इस कविता में किसका वर्णन किस रूप में हुआ है ? **1**

(ii) मोर और तोता क्या कर रहे हैं? **1**

(iii) इस कविता की भाषागत विशेषताएँ लिखिए। **1**

(iv) 'मदन महीप' पद का प्रयोग किसके लिए हुआ है ? **1**

(v) कमल की कली रूपी नायिका क्या कर रही है और क्यों ? **1**

13. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए – 5

(i) 'आत्मकथ्य' कविता में कवि अपनी व्यथा को मौन ही रखना क्यों चाहता है ? 2

(ii) 'उत्साह' कविता में कवि किसका आह्वान कर रहा है और क्यों ? 2

(iii) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ? 1

14. भोलानाथ अपने साथियों के साथ कौन-कौन से खेल खेला करता था ? उसके पिता उन खेलों का किस प्रकार आनन्द लेते थे ? 5

**अथवा**

'जॉर्ज पंचम की नाक' में किसके आने की चर्चा हो रही थी ? जॉर्ज पंचम की नाक को लेकर सरकारी तंत्र की बदहवासी उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है ?

## खंड 'घ'

### पत्र-लेखन

15. हाल ही में आपके विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें आपको प्रथम स्थान मिला। आपने इस प्रतियोगिता की तैयारी कैसे की आदि की चर्चा करते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखो। 5

**अथवा**

आगामी ग्रीष्मावकाश में आप किसी पर्यटन-स्थल की यात्रा करना चाहते हैं। पर्यटन-स्थल के चयन के संबंध में विशेष जानकारियाँ एकत्र करके अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र द्वारा निर्देशित करे।

16. नीचे दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर निबंध लिखें। 5

**समय विश्व की सबसे मूल्यवान वस्तु है।**

समय की गतिशीलता.....एक-एक क्षण का महत्त्व.....समय को नष्ट करना स्वयं को नष्ट करना है .....सफलता और समय का गहरा संबंध है।

**अथवा**

**विज्ञान मानव की उन्नति में सहायक है।**

विज्ञान का शाब्दिक अर्थ.....विज्ञान का महत्त्व.....विज्ञान की देन.....विज्ञान की हानियाँ.....विज्ञान का सकारात्मक प्रयोग.....विज्ञान का विवेकपूर्ण उपयोग।

- o O o -